हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम- दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)-491001

ई मेल : academic@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359400*

क्र. 553 /अका./2018 दुर्ग, दिनांक : 01/10/2018

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की आपाती बैठक शनिवार, दिनांक 29.09.2018 समय दोपहर 12:00 बजे विश्वविद्यालय के टैगोर हॉल में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :–

प्रो. शैलेन्द्र सराफ, कुलपति – अध्यक्ष

1. डॉ. चंद्रिका नाथवानी – सदस्य
2. डॉ. ओ.पी. गुप्ता – सदस्य
3. डॉ. ए.के.मिश्रा – सदस्य
4. मान. श्री विद्यारतन भसीन – सदस्य
5. मान. श्री अरूण वोरा – सदस्य
6. डॉ. राधा पाण्डेय – सदस्य
7. डॉ. पद्मा अग्रवाल – सदस्य
8. श्री आनंद मिश्रा – सदस्य
9. श्री अशोक लोहिया – सदस्य

डॉ. राजेश पाण्डेय, कुलसचिव – सचिव

कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 29.09.2018 दोपहर 12 बजे की कार्यवाही का विवरणः–

सर्वप्रथम कार्यपरिषद के द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत प्रो. चंद्रकुमार चंद्राकर (सदस्य कार्यपरिषद) के निधन की जानकारी दी गई एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

माननीय कुलाधिपति द्वारा रूसा एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हेतु 11.09.2018 एवं 12.09.2018 को समस्त राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक लिए जाने की संक्षिप्त जानकारी कुलपति द्वारा कार्यपरिषद को दी गई।

प्रस्ताव :– छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 (सातवां वेतनमान) के प्रावधानानुसार कर्मचारियों एवं अधिकारियों के वेतन निर्धारण पर विचार करना।

निर्णय :– आयोजित बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार शैक्षणिक, अशैक्षणिक एवं अधिकारी वर्ग को पुनरीक्षित वेतनमान दिए जाने पर समस्त सदस्यों ने सिद्वांततः सहमति व्यक्त की तथा पुनरीक्षित वेतनमान दिए जाने के संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य शासन के आदेश एवं संबंधित वित्त निर्देश में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन किए जाने का निर्णय लिया गया।

राज्य विश्वविद्यालय सेवा संवर्ग के अधिकारियों (उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव) के वेतन पुनरीक्षण हेतु राज्य शासन से समुचित वित्त निर्देश/मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु निर्णय लिया।

कुलसचिव द्वारा कार्यपरिषद के अध्यक्ष एवं सदस्यों के प्रति आभार प्रगट किया गया।

कुलपति

कुलसचिव

पृ.क्र. 554 /अका./2018 दुर्ग, दिनांक : 01/10/2018

प्रतिलिपिः

1. माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर (छ.ग.)
2. समस्त सम्माननीय सदस्यों को।
3. कुलपति के निज सहायक एवं कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
4. समस्त विभागीय अधिकारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कुलसचिव